**खबर संक्षेप**

## रिवर फ्रंट कार्य में लापरवाही पर जारी किया चेतावनी पत्र

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने विभागीय अधिकारियों को शासन मंशानुरूप जिम्मेदारियों का निर्वहन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के साथ साथ योजना में लापरवाही, विलंब या मानक विरुद्ध कार्य पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रिवर फ्रंट के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को चेतावनी पत्र जारी किया है। निगम आयुक्त परिहार द्वारा भ्रमण के दौरान विगत दिवस कटाये घाट में हनुमान मंदिर से कटायेघाट मोड तक निर्माणाधीन कार्यो के निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही परिलक्षित होने के संबंध में प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाया गया। निगमायुक्त ने प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह को भविष्य के लिए सचेत करते हुए सभी निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता मानक के साथ तकनीकी सुपर विजन में पूर्ण कराते हुए निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशानुसार कार्य में सुधार लाते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिए है।

## आदतन अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने तहसील रीठी निवासी अनुरोध उर्फ अर्पित अवस्थी पिता जयप्रकाश अवस्थी 32 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना रीठी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। अर्पित के विरूद्ध थाना रीठी में 7 अपराधिक प्रकरण और थाना संजीवनी नगर जिला जबलपुर में 1 अपराधिक प्रकरण सहित कुल 8 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें अवैध रूप से जुआ-सट्टा खिलाने और लूट जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अर्पित के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

## बीएलए-2 का प्रशिक्षण

**कटनी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत राजनीतिक दलों की मांग पर जिले के प्रमुख राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को 19 नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (ग्रामीण एवं शहर) और बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्षों को अपने-अपने बीएलए-2 को निर्धारित तिथि और समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने को कहा है।

### कलेक्टर ने सर्वेयर्स को खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी के साथ समन्वय से कार्य करने दिये निर्देश

# डीएम की दो टूक हिदायतः दलालों, व्यापारियों, बिचौलियों पर कड़ी नजर रखने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन वर्ष 2025-26 हेतु नियुक्त सर्वेयरों को उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारियों से समन्वय बनाकर धान का गुणवत्ता परीक्षण करने की हिदायत दी। सर्वेयर्स प्रतिदिन उपार्जन केन्द्र में समय पर पहुंचें, और सभी की गूगल लोकेशन से प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में धान उपार्जन हेतु नियुक्त सर्वेयरों,समिति प्रबंधकों और उपार्जन केन्द्र के कंप्यूटर आपरेटर्स के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सर्वेयरों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों का विस्तृत विवरण संधारित करने हेतु जिला उपार्जन समिति को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सख्त हिदायत दी गई कि, कृषकों की उपज की तौल जिस क्रम में होती है, उसी क्रम में उनको पावती प्रदान करें एवं उनके उपज का परिदान करें।



कलेक्टर श्री तिवारी ने समिति प्रबंधकों को दो टूक लहजे में ताकीद किया की उपार्जन केन्द्रों में बाहरी धान की आवक और दलालों , व्यापारियों एवं बिचौलियों की सक्रियता को रोकने का कार्य सख्ती से करें।

### मुख्यालय में ही रहें अधिकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन की गुणवत्ता हेतु नियुक्त आर बी एसोसियेट्स के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सर्वेयरों को उनके क्षेत्र और विकासखंड मुख्यालय में ही रुकने और ठहरने आदि का प्रबंध करें। ताकि उपार्जन केन्द्रों में उनकी सहज उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों को बख्शा नहीं जाएगा। इसलिए उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें।

जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा उपार्जन केन्द्र के प्रभारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा एवं उपार्जन हेतु आवश्यक सभी संसाधनों की उपलब्धता के सम्बंध में निर्देशित किया तथा भारत सरकार के पोर्टल PCSAP.IN पर उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स सही तरीके से अपलोड करने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया।, जिसके अनुसार भारत सरकार द्वारा उपार्जन केन्द्रों का श्रेणीकरण किया जाना है। भारतीय खाद्य निगम की मैनेजर गुणवत्ता दीपिका अवधिया ने सर्वेयर्स को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। बताया गया कि उपार्जन केन्द्र में बिक्री के लिए आने वाली धान की सर्वेयर गुणवत्ता एप से गुणवत्ता परीक्षण करेंगे। इसके बाद सर्वेयर आनलाइन एप पर दर्ज करेगा। इसके बाद यह नागरिक आपूर्ति निगम के ई -उपार्जन पोर्टल पर दिखने लगेगा कि धान गुणवत्ता पूर्ण एफ ए क्यू श्रेणी की है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला,जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम देवेन्द्र तिवारी, वेयरहाउस कारपोरेशन के जिला प्रबंधक सेंगर सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बंजारी और मझगवां में आज अपर कलेक्टर करेंगे लोक सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ से कैमोर तथा बरही बायपास निर्माण के लिए कटनी के तहसील विजयराघवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम बंजारी, मझगवां, गौरहा एवं कलहरा तथा तहसील बरही के ग्राम खन्ना बंजारी, बरही एवं बुजबुजा की जमीनों का अर्जन किया जाना है। इसके लिये कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने इन सभी ग्रामों में लोकसुनवाई हेतु अपर कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी नीलांबर मिश्रा को नियुक्त किया है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2013 की धारा 5 के प्रावधान तहत सामाजिक समाघात निर्धारण के लिये परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों व ग्रामों में लोकसुनवाई शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रभावित ग्रामों के सभी जनसामान्य से जन सुनवाई हेतु निर्धारित की गई तिथि पर उपस्थित होकर परियोजना हेतु तैयार की जा रही सामाजिक समाघात प्रतिवेदन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना पर अपना अभिमत प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत बंजारी में 19 नवंबर प्रातः 11 बजे, ग्राम मझगवां के आंगनबाड़ी भवन में 19 नवंबर अपरान्ह 2 बजे, ग्राम पंचायत गौरहा में 20 नवंबर प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत कलहरा में 20 नवंबर अपरान्ह 2 बजे जनसुनवाई आयोजित की गई है। इसी प्रकार तहसील बरही के ग्राम पंचायत भवन खन्ना बंजारी में 21 नवंबर प्रातः 10 बजे, ग्राम पंचायत बरही में 21 नवंबर दोपहर 12 बजे एवं ग्राम पंचायत बुजबुजा में 21 नवंबर अपरान्ह 2 बजे लोकसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

## फागिंग मशीन से छोड़ा गया रासायनिक धुआं

**कटनी।** मौसम में अचानक हुए परिवर्तन के दौरान नगर में मच्छरों एवं मच्छर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों में फागिंग अभियान चलाया जाकर रायनिक धुंए का छिड़काव किया जा रहा है।

## स्थानीय उद्योगों के साथ बढ़ाये साझेदारी, अप्रेंटिसशिप अवसरों का करें विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति एवं जिले के सभी सरकारी एवं निजी औदयोगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की प्रशिक्षण स्थिति, प्रवेश, परिणाम एवं प्लेसमेंट की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय उद्योगों के साथ साझेदारी बढ़ाने, अप्रेंटिसशिप अवसरों का विस्तार करने तथा कैंपस प्लेसमेंट गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया। ताकि स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकें। साथ ही आगामी माह में जिला स्तरीय रोजगार मेले एवं अप्रेंटिसशिप मेले आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नेशनल अप्रेंटिशिप योजना तथा जिला कौशल समिति के अन्य विभागों में संचालित रोजगार व स्वरोजगार योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुये प्राचार्य एवं सचिव आईटीआई, जिला रोजगार अधिकारी एवं पॉलीटेक्निक प्राचार्य को मिलकर कौशल विकास रोजगार मूलक प्रशिक्षण के संबंध में नवाचार करने एवं अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय स्तर पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों से समन्वय कर प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश दिए।

## टीबी मरीजों फूड बॉस्केट का किया वितरण

**कटनी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत खजुराहो सांसद बीडी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ईलाजरत 150 टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट का वितरण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, उद्योगपति मनीष गेई सहित भाजपा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। मुड़वारा विधायक श्री जायसवाल द्वारा वर्तमान में ईलाजरत जिले के 750 मरीजों को गोद लेते हुए प्रत्येक मरीज को 6 माह तक फूड बॉस्केट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जो मानव सेवा एवं मानव कल्याण के लिए अनुकरणीय पहल है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिले के अन्य समाजसेवी संगठन, उद्योगपतियों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनते हुए ईलाजरत टी बी मरीजों को गोद लेकर उन्हें फूड बॉस्केट प्रदान करें। जिससे प्रधानमंत्री द्र मोदी के 'टी बी मुक्त भारत' संकल्प को पूर्ण किया जा सके।



## थाना प्रभारी ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी दी जानकारी



बहोरीबंद के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई । साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया ।बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी ।थाना प्रभारी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें ।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये, घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके ।इस दौरान स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## कमिश्नर के निर्देश पर निरीक्षण दल ने कटनी का किया रोस्टर निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह भदौरिया के निर्देश पर गठित दल द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय कटनी का रोस्टर निरीक्षण किया । जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी योजना प्रभारी अधिकारियों को निरीक्षण दल से शिव प्रसाद उपसंचालक (विधि) एवं सुनील लाहोरिया एडीईओ को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की अद्यतन जानकारी एवं संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।



अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी की मौजूदगी में निरीक्षण दल ने वन टू वन योजनावार लेखा, स्थापना, भंडार,निर्माण, पंचायत प्रकोष्ठ, स्वच्छ भारत अभियान, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण ), एमडीएम, 15 वित्त एवं अन्य योजनाओं के संधारित अभिलेखों का अवलोकन एवं निरीक्षण कर जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषिराज चढ़ार पीओ मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनी, सहायक परियोजना अधिकारी विजय लक्ष्मी मरावी एवं मृगेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

*सांसद ने कहा मांगों को पूरी कराने प्राथमिकता से करेंगे प्रयास*

## ट्रेनों के स्टापेज़, बस स्टेंड व स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खजुराहो सांसद वी डी शर्मा मंगलवार को यूनिटी मार्च पदयात्रा जो स्लीमनाबाद में आयोजित थी उसमें शामिल हुये।यूनिटी कार्यक्रम में विधायक प्रणय पांडेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्लीमनाबाद के समग्र विकास के लिए जरूरी मांगे सांसद वी डी शर्मा से की ओर जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की।

### विधायक ने ये की मांगें

विधायक के द्वारा जो मांग कि गईं उसमें स्लीमनाबाद को नगर परिषद बनाने, स्लीमनाबाद में बस स्टेंड निर्माण, सांदीपनि विद्यालय की बिल्डिंग,स्लीमनाबाद के भेड़ा व पड़वार बाईपास पर अंडरपास



या ओवर ब्रिज बनाने, सलैया फाटक व बंधी रेलवे फाटक पर अंडर पास या ओवर ब्रिज बनाने सहित कुछ पक्के मार्ग बनाने की मांग की। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज़ की मांग की जिसमें रीवा -इतवारी ट्रेन के स्टापेज़ की मांग प्रमुख रही।

विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सांसद सभी को भरोसा दिलाया कि जो भी मांगे है उन्हें प्राथमिकता के साथ मै पूरा करवाऊंगा। स्लीमनाबाद का समग्र विकास हो इसके लिए दृढ संकल्पित होकर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। स्लीमनाबाद नगर परिषद बने क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा थी उसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा कर पूरी करवाई जाएगी।

स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में रीवा -इतवारी ट्रेन का स्टापेज़ हो इसके लिए रेलमंत्री से भेंटकर प्रमुखता के साथ मांग रख कर पूरा किया जायेगा। इसके अलावा अन्य जो भी मांगे है उन्हें भी प्राथमिकता के साथ पूरा किया जायेगा।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, उम्मेद सिंह,रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी, रवि दुबे,राधेश्याम गोलू तिवारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, राहुल सिंह ठाकुर, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### सरदार पटेल की 150 जयंती पर निकली यूनिटी मार्च पदयात्रा

# देश की एकता ओर अखंडता सरदार पटेल की देनः वीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत, द्वारा संचालित 'विकसित भारत पदयात्रा एवं सरदार @150 यूनिटी मार्च 2025' का आयोजन मंगलवार को स्लीमनाबाद में किया गया जिसमें खजुराहो सांसद वी डी शर्मा व विधायक प्रणय पांडेय शामिल हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय स्लीमनाबाद से हुआ जहाँ सांसद वीडी शर्मा ने लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद यूनिटी मार्च पदयात्रा शुरू हुई जिसमें



जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित स्कूली विद्यार्थी शामिल हुये।

यूनिटी मार्च पदयात्रा मै हाथ में तिरंगा झंडा, एक भारत–श्रेष्ठ भारत, एकता में शक्ति, सरदार पटेल अमर रहे जैसे नारे गूंजते रहे। यूनिटी मार्च का समापन सांदीपनी विद्यालय स्लीमनाबाद मै हुआ। इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी सुदेश सुमन उपस्थित रहे!देश की एकता ओर अखंडता सरदार पटेल की देन -कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद वी डी शर्मा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व की ही देन है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्र पहले है उसके बाद हम स्वयं!उन्होंने बताया कि देश की स्वाधीनता संग्राम से लेकर आजाद भारत के निर्माण तक प्रदेश को बनाने में कई महापुरुषों ने अपना अहम योगदान दिया है परंतु जो धार उनके चरित्र में दिखता है वह असाधारण है। यूनिटी मार्च सिर्फ एक दौड़ नहीं यह हमारे लौह पुरुष को समर्पित एकता का उत्सव है।

स्वतंत्रता के पश्चात राज्यों को इंटीग्रेट करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है और यह भी कहा जाता है कि अगर सरदार पटेल के प्रयास नहीं हुए होते तो भारत का स्वरूप खंड-खंड में बंटा हुआ नजर आता। उन्होंने माई भारत द्वारा युवाओं को राष्ट्र-निर्माण से जोड़ने की पहल किए जाने की सराहना की

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि भारत के भविष्य की असली ताकत युवा हैं। यदि वे सरदार पटेल की कर्तव्यनिष्ठा, संगठन क्षमता और राष्ट्रीय हित की भावना से प्रेरणा लें तो विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा!उन्होंने बताया कि पटेलजी ने यदि अपने मजबूत इरादों और शक्ति से भारतीय राज्यों को एकीकृत करने में अपनी भूमिका नहीं निभाई होती तो आज भारत का वह रूप नहीं होता जैसा हम देखते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, महापौर प्रीति संजीव सूरी, रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी,रवि दुबे, राधेश्याम तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, राहुल सिंह ठाकुर,सुनील गुप्ता, गुड्डन सिंह, मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, पीयूष अग्रवाल जन प्रतिनिधि, कार्यकर्ता शामिल रहे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कुशल मार्गदर्शन में 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ ही बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल. की बकाया वसूली, विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा।

### साल भर में नहीं बन सकी सड़क, लोगों ने की शिकायत

**छतरपुर।** शहर के बस स्टैंड से नारायणपुर रोड तक सड़क निर्माण कार्य में डेढ़ साल से अधिक समय से चल रही धीमी गति के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का काम अधूरा पड़ा है और अनियमित रूप से हो रहा है, जिससे वहाँ की स्थिति बेहद खराब हो गई है। स्थानीय निवासी रजनीश अग्रवाल ने बताया कि बस स्टैंड से नारायणपुर रोड का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन काम की गति अत्यंत धीमी है, एक दिन काम होता है, तो 10 दिन बंद रहता है। उन्होंने बताया कि सड़क पर उडऩे वाली धूल-मिट्टी के कारण वहाँ रहने वाले लोगों को श्वास संबंधी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने मंगलवार को नगर पालिका में आवेदन सौंपा है।

### दो वित्तीय संस्थाओं पर लगे धोखाधड़ी के आरोप

**छतरपुर।** दो वित्तीय संस्थाओं द्वारा की गई करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी से परेशान टीकमगढ़ जिले के दर्जनों पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के लिए मंगलवार को छतरपुर पहुँचे। पीडितों ने दो चिटफंड कंपनियों पर बड़ी राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। टीकमगढ़ जिले से आए लगभग 40 पीड़ितों ने बताया कि पीबी इंडिया निधि लिमिटेड और परिवार भविष्य म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड नामक दो चिटफंड कंपनियों ने करोड़ों रुपए का गबन किया है। पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने इन कंपनियों में आर.डी. के रूप में बड़ी राशि जमा की थी, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी कंपनी ने उन्हें भुगतान नहीं किया।

### बीएमएस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** कर्मचारियों और श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) जिला इकाई छतरपुर ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव को 46 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश इकाई के निर्देश पर सभी जिलों में एक साथ सौंपा गया।

### निमोनिया, ठंड से बचाव तथा पोषण स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सावधानियों के संबंध में एडवाईजरी

# शीतलहर में सावधानी बरतना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि जिले में शीतलहर का दौर लगातार बना हुआ है, तापमान में नित-गिरावट देखी जा रही है। ऐसे मौसम में शिशु एवं छोटे बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ठंड के कारण सामान्यतः निमोनिया, सामान्य सर्दी-जुकाम, खांसी, हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है। शीतलहर के दौरान थोड़ी सी सावधानी और समय पर देखभाल से बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। डॉ. आर.के. अठया ने शिशुओं एवं 5 साल से कम उम्र के बच्चों को निमोनिया, ठंड से बचाव तथा पोषण-स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सावधानियों के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई है।

### शिशुओं एवं बच्चों को ठंड से बचाने के उपाय

बच्चों को तीन से चार लेयर में गर्म कपडे. पहनाएं, अंदर सूती कपडे, स्वेटर, जैकेट इत्यादि। सिर, कान, हाथ एवं पैरों को गर्म रखने के लिए टोपी, मोजे, दस्ताने पहनाएं। घर के अंदर हवा के झोंके न लगें, इसका खास-ख्याल रखें। नवजात, समय पूर्व-जन्में कम वजन के शिशुओं को त्वचा से त्वचा का संपर्क अर्थात कंगारू मदर केयर प्राकृतिक गर्माहट देता है। कम वजन वाले शिशुओं को सुरक्षित रखने में भी अत्यंत प्रभावी है। इससे स्तनपान की आवृत्ति भी बढ़ती है और प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। बच्चों को गीले या नम कपड़ों में कभी न रहने दें। गर्म पानी से स्नान करवाएँ, लेकिन बहुत गर्म पानी का प्रयोग न करें।

### 10 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान

मौसम विभाग के आंकडो के अनुसार मंगलवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया जो कि पिछले दिन से 2.8 कम था वहीं अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सावधानियां

शिशुओं को छः माह तक केवल मॉ का दूध ही पिलायें। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। ठंड में सुरक्षा भी प्रदान करता है। बडे. बच्चों के भोजन में दाल, खिचड़ी,गर्म सूप, मौसमी फल, हरी सब्जियां शामिल करें। पर्याप्त तरल पदार्थ दें ताकि शरीर में गर्मी और प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। टीकाकरण समय पर अवश्य करायें। यह संक्रमण से सुरक्षा की सबसे प्रभावी ढाल है। डॉ आर.के. अठया ने अभिभावको से आग्रह करते हुए कहा है कि अपने 5 साल तक के बच्चों की सेहत को लेकर विशेष रूप से सजग रहें, निमोनिया के लक्षणों को पहचानें। निमोनिया से बचाव के लिए पीसीवी टीका निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र में अवश्य लगवाएँ।

### निमोनिया रोग से बचाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा जागरूक



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि जिले में सांस अभियान के तहत 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को निमोनिया रोग से बचाने के लिए संस्था एवं समुदाय स्तर पर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। टीकाकरण सत्रों पर भी निगरानी रखी जा रही है। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं गृह भेंट आधारित देखभाल के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य संदेश दिया जा रहा है कि निमोनिया के लक्षण दिखाई देने पर बिना समय गवाएं निकटतम स्वास्थ्य संस्था में जांच-उपचार करवायें।

### समय पर टीकाकरण और शिशु देखभाल जरूरी

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने लाड़नबाग आंगनवाडी केन्द्र पहुँचकर एएनएम द्वारा संचालित सत्र का अवलोकन किया। सत्र के दौरान टीकाकरण प्रक्रिया को देखा एवं ड्यू लिस्ट की जांच तथा वैक्सीन स्टॉक रिकार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने सत्र में मौजूद स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं एएनएम, आंगनवाडी एवं आशा कार्यकर्ता को निमोनिया से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण बातों को साझा किया। डॉ. चौहान ने बताया कि समय पर टीकाकरण और शिशु देखभाल विशेषकर ठंड के मौसम में निमोनिया और अन्य संक्रमणों से बच्चों की सुरक्षा का प्रभावी हस्तक्षेप है। निमोनिया से बचाव के लिए पीसीवी टीका निःशुल्क टीकाकरण सत्र में लगाया जाता है। उन्होने इस संबंध में अभिभावकों को जागरूक करने के निर्देश दिये।

### बच्चों को तीन लेयर में गर्म और साफ कपड़े पहनायें

डॉ. चौहान ने स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से कहा कि बच्चों को तीन लेयर में गर्म और साफ कपडे. पहनाने अभिभावकों को प्रेरित करें। तेज सांस चलना, बुखार, खांसी, दूध कम पीना, बच्चे का सुस्त होना जैसे लक्षण बच्चे में निमोनिया के सूचक है। इनमें से कोई भी लक्षण होने पर स्वास्थ्य संस्था में जांच करवायें। नमी और गंदगी से बचाव करें, क्योंकि ये निमोनिया के जोखिम को बढ़ाते है।टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर बीमारियों विशेषकर निमोनिया, खसरा और काली खांसी से बचाता है। निमोनिया से बचाव के लिए पीसीवी टीका लगाया जाता है। साथ ही पेटावेलेण्ट और अन्य टीके बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते है। इसलिए अभिभावकों को सलाह दें कि बच्चों का समय पर टीकाकरण करायें। टीकाकरण कार्ड सुरक्षित रखें और ड्यू डेट पर अवश्य टीका लगवायें।

यह टीका सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में मुफ्त लगाया जाता है।

निमोनिया के लक्षण में लगातार खांसी या सांस लेने में तेजी, खॉसी और जुकाम का बढ़ना, सॉस लेते समय पसली का चलना अथवा छाती में धड़कन में तेजी, तेज बुखार, अगर इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या एएनएम, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता से संपर्क करें।

## जन शिक्षा केंद्र बनवार में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित

### कक्षा दो से आठ तक के चार सौ तैंसठ विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



**बनवार।** जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आज कक्षा दो से लेकर आठवीं तक के छात्र छात्राओं की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें प्रतिस्पर्धा के माहौल से परिचित कराना रहा केंद्र में कुल पांच सौ पांच विद्यार्थियों का पंजीयन था जिनमें से चार सौ तैंसठ विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि बयालीस विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार केंद्र अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह जन शिक्षक बलराम चौबे राधे सोलंकी दयाराम पटेल प्रदीप सिंह राजपूत महेश नामदेव और नितेंद्र ठाकुर के साथ पूरा स्टाफ सुबह से ही व्यवस्थाओं में जुटा रहा सभी कमरों में शांतिपूर्ण माहौल बनाया गया और विद्यार्थियों को समय पर प्रश्नपत्र प्रदान किए गए। ओलंपियाड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की समझ तार्किक क्षमता और शैक्षणिक योग्यता को परखने का प्रयास किया गया परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जाएंगी जिसके आधार पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

## बच्चों ने गांव में निकाली रैली




**हटा।** विकासखंड की शासकीय नवीन मध्यमिक शाला सनकुईया में मंगलवार को ओलंपियाड परीक्षा उपरांत छात्रों ने एसआईआर सर्वे के व्यापक प्रचार प्रचार हेतु एक रैली निकालकर जन जागृति अभियान चलाया। बच्चों के हाथों में एसआईआर सर्वे 2025 लिखे हुए पोस्टर थे बच्चों ने लोगों से सर्वे में हाथ बटाने की अपील की। वहीं विद्यालय के प्रधान अध्यापक मनोज नामदेव द्वारा सनकुईया ग्राम में इसके प्रचार प्रसार हेतु दीवाल लेखन कार्य किया गया है जिसमें एसआईआर से संबंधित नारे लिखे गए। दीवाल लेखन देखकर ग्राम के मुकेश कुर्मी कमलेश कुर्मी प्रकाश काछी नारायण नामदेव बबलू गफलू अठया कोमल अठया ने बताया कि हमें तो एसआई आर की जानकारी दीवाल देखकर हुई कि यह कितना महत्वपूर्ण कार्य है। रैली के उपरांत ग्राम के लोगों को फॉर्म भरने की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय से प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव मुकेश रैकवार कमलेश ताम्रकार प्राथमिक विद्यालय से राकेश अहिरवार पीएल बंसल ग्राम के जागरूक युवा रविंद्र पटेल सौरभ कुर्मी अमित कुर्मी आदि सम्मिलित हुए।

## राजाबंदी में हुआ अभिनंदन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवंबर को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक कैलाश कुर्मी का शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी में अभिनंदन समारोह का आयोजन कर हृदय अभिनंदन किया गया। सभी के द्वारा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया गया। अभिनंदन समारोह में आई.एल.अठया बीईओ, संजय बजाज प्राचार्य, मुकेश कुमार गूंजरे प्राचार्य, श्रीमती वंदना भोज प्राचार्य, श्यामाचरण खिरा प्राचार्य, सुरेन्द्र कटहरे प्राचार्य सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी द्वारा किया गया।

### श्रद्धालुओं से भरी टैक्सी पलटी

**घुवारा।** अबार माता से दर्शन कर लौट रही महिलाओं से भरी एक टैक्सी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि करीब दर्जनभर महिलाएं घायल हो गईं। हादसा अबार माता मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे अबार नाला के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, महाराजगंज थाना बड़ामलहरा से करीब 13 महिलाएं किराए की टैक्सी से अबार माता के दर्शन करने गई थीं। दर्शन करके लौटते समय अचानक भैंसों का झुंड सड़क पर आने से वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और टैक्सी पलट गई। हादसे में गोरी बाई आदिवासी (60) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया तथा प्राथमिक उपचार के बाद 12 घायलों को बड़ामलहरा सिविल अस्पताल रेफर किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### समय पर नहीं खुल रहा बमनौरा कलां स्कूल, छात्र परेशान

**छतरपुर।** बड़ामलहरा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत एक शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रिंसिपल की कथित मनमानी के चलते शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल समय से नहीं खुल रहा है और अक्सर गेट पर ताला लगा रहता है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को बाहर खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है।

## सैलवाड़ा में श्रीमद् भागवत कथा एवं दिव्य दरबार का 22 नवंबर से 28 नवंबर तक

**तेंदूखेड़ा।** 22 नवम्बर से 28 नवम्बर 2025 तक सैलवाड़ा बस स्टेण्ड में श्री श्री 1008 दक्षिणमुखी श्री दोनी सरकार की असीम कृपा से श्रीमद भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूज्य बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण जी महाराज द्वारा कथा का श्रवण पान कराया जाएगा। जिसमें 22 नवम्बर 2025, शनिवार को शोभायात्रा देव स्थापना एवं भागवत महात्म की कथा,23 नवंबर रविवार कुन्ती स्तुति, परीक्षित जन्म, कलयुग संवाद, सृष्टि वर्णन, 24 नवंबर सोमवार सती चरित्र, ध्रुव चरित्र भरत चरित्र, 25 नवम्बर , मंगलवार प्रहलाद बरित्र, गजेन्द्र मोक्ष श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 26 नवम्बर , बुधवार,श्री कृष्ण की बाल लीलाए, 27 नवम्बर गुरुवार, रामलीला, कंस वध एवं श्री कृष्ण, रुकमणी विवाह, 28 नवम्बर शुक्रवार श्री सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष ,29 नवम्बर , शनिवार हवन, पूणांहूति, प्रसाद वितरण, भण्डारा कार्यक्रम संपन्न होगा दिव्या दरबार 22, 23, 24 एवं 26 नवंबर को होगा। भागवत कथा के यजमान रामसेवक श्रीमति सदारानी साहू है राजू - श्रीमति राधा, राजेश श्रीमती रजनी, कमलेश - श्रीमती रोशनी, श्री सतीश श्रीमती रीता कार्यक्रम के आयोजक रामेश्वर - श्रीमती नीतू साहू सरपंच संघ अध्यक्ष है।

## माता के दरबार में किया भण्डारा



**हिण्डोरिया।** चौरसिया समाज की आराध्य देवी मेहलवार माता के दरबार में मन्नत पूर्ण होने पर भक्तजनों प्रसादी भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का आयेजन प्रेमचंद चौरसिया, सावित्री बाई चौरसिया व्दारा मागी गई मन्नत पूरी होने पर किया। इस दौरान सैकड़ो भक्तजनों ने अपरान्ह 05 बजे तक लज़ीज प्रसादी भण्डारे का लुत्फ उठाया। एवं माता रानी की विशेष पूजा करते हुये माथा टेक कर पुण्य लाभ उठाया। उक्त अवसर पर अमित कुमार चौरसिया , राज वर्मा, संदीप विश्वकर्मा, निप्पी चौरसिया, प्रेमनारायण चौरसिया, हर्षित रैकवार, संस्कार तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## भाजपा ने लगाया एसआईआर सहायता केंद्र



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल नगर मंडल द्वारा जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**) अभियान के अंतर्गत बजरिया वार्ड 2, मांगज वार्ड 1, पुराना बाजार 2 एवं असाटी वार्ड 1 के पोलिंग बूथों पर विशेष सहायता केंद्र स्थापित किए गए। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया के नेतृत्व में लगाए गए इन सहायता केंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को **SIR** फार्म भरने में सहयोग प्रदान किया। अभियान के दौरान एस आई आर विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ मलैया, जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, एस आई आर मंडल प्रभारी संतोष रोहित, पार्षद नितिन पप्पू मलाई, सुरजीत सिंह, सत्यम चौबे, सद्दाम खान, जावेद खान, सूर्यकांत चौरसिया, दीपक नेमा, शैलेंद्र असाटी सहित कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और मतदाताओं को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया।

## भारतीय मजदूर संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम दमोह कलेक्टर श्री सुधीर कुमार गोचर जी को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ से जुड़े हुए विभिन्न संगठनों जिसमें- मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, भारतीय सफाई मजदूर संघ, फार्मासिस्ट यूनियन संघ, कृषि ग्रामीण मजदूर संघ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगठन, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी, हमाल तुलावती संघ, बीड़ी मजदूर संघ, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ, सम्मिलित होकर-संयुक्त रूप से अपनी महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में भाग लिया। जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया-सभी संगठनों ने स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा हमसे पूरा काम तो लिया जा रहा है, किंतु सुविधाओं, वेतनमान एवं सुरक्षा के नाम पर हमें अभी तक उचित अधिकार और लाभ प्राप्त नहीं हो रहे हैं। ज्ञापन में मुख्य रूप से मांगे प्रस्तुत की गई सभी संगठन ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन किया कि कर्मचारियों की इन वेध एवं न्यायोचित मांगों पर



गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए। भारतीय मजदूर संघ के सागर दमोह के विभाग प्रमुख श्री धर्मेंद्र चौबे, श्री प्रवीण तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, जिला मंत्री देवेंद्र चौबे, संजीव तिवारी संयोजक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, दिनेश राय बिजली कर्मचारी संघ, भारतीय सफाई मजदूर संघ निखिलेश चौहान, महिला प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष सुश्री ज्योति प्रोचे, संभाग उपाध्यक्ष संजय संजय प्रोचे, संदीप, मनीष करोसिया, रोहित, चंद्रभान, अमित चौहान, आनंद कुड़र, राजीव नहर, संदीप, गीता गोदरे, सुनीता उर्मिला संविदा राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश जिला अध्यक्ष संदीप चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एच एष सूर्यवंशी, जिला महामंत्री दम्मू रजक, फार्मासिस्ट यूनियन से पुनीत मिश्रा, तहसीलदार गुर्जर, उपेंद्र, कीर्ति मिश्रा, कल्पना अहिरवार, दीपक दुबे, तरुण तिवारी, डॉ वर्षा पटेल, जीपीबागड़ी, मनीष राय, आंचल दुबे भारी संख्या में उपस्थिति रही।

## जबेरा क्षेत्र के बीएलए को दिया प्रशिक्षण

**जबेरा।** दमोह जिले के ग्राम जबेरा में एसआईआर के विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी की तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षक प्रभारी संजय पटेरिया एवं जबेरा प्रभारी मार्तंड देव बुंदेला एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के मार्गदर्शन में बीएलए को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक संजय पटेरिया के द्वारा बताया गया कि 56 जबेरा विधानसभा लगभग 295 बीएलए नियुक्त किए गए हैं जिनका कार्य अपने-अपने पोलिंग बूथ एवं गांव में जो सरकार द्वारा एसआरआर कार्य कराया जा रहा है। उसकी निगरानी करना एवं लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने में मदद करना सरकार द्वारा नियुक्त बीएलओ की मदद करना एवं बाहर से आई अपनी बहन बेटियों के मां-बाप की जानकारी लेकर एपिक नंबर फार्म में दर्ज करना। जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है और उनका वोटर लिस्ट में नाम है ऐसे नाम को वोटर लिस्ट से कटवाए आप सभी बीएलओ का दायित्व है ताकि वोट चोरी जैसा मामला सामने ना आए आगे



जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को एसआईआर के दो फॉर्म बीएलओ के द्वारा दिए जाएंगे जिसे आपको भरकर बीएलओ को देना है तथा उसकी एक पावती लेना है जो आपको अपने पास सबूत के तौर पर रखनी है यदि कोई बीएलओ आपको दो फॉर्म नहीं देता है तो इसकी शिकायत आप एसडीएम तहसीलदार को कर सकते हैं सभी बीएलए को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने कार्य को बड़ी ईमानदारी से करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएं। इस मौके पर ब्लॉक जबेरा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओ पी शर्मा उप ब्लॉक नोहटा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रंजक जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर गोविंद तिवारी अजय तिवारी रूपनारायण मिश्रा कैशव राय कमला अहिरवार भगवत सिंह लोधी राव लाखन सिंह महेंद्र सिंह तेजी यादव प्रमोद धनगर दशरथ यादव कल्याण सिंग पूरन लोधी कैलाश सिंह अखलेश सोनी राम सिंह राजा खान भगवत धरगर तुलसी साहू उमराव सिंह प्रभु पटेल सहित ने कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## कलेक्टर ने एसआईआर कार्यों का लिया जायजा



**दमोह।** SIR प्रक्रिया के अंतर्गत जिले में चल रहे गणना प्रपत्र वितरण कार्य की प्रगति का जिला प्रशासन द्वारा मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम पटना बुजुर्ग और अर्थखेड़ा सहित कई ग्रामों में पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण एवं प्रपत्र फीडिंग कार्य की वास्तविक स्थिति जानी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य समयसीमा के भीतर कार्य सुनिश्चित किया जाये। इसी क्रम में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि जिन मतदान केंद्रों में SIR कार्य की प्रगति कम पाई गई थी, वहां निरीक्षण कर सबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आगे कार्य तेजी से हो सकेगा। साथ ही एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी ने बादंकपुर में गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हटा।** मंगलवार की दोपहर मगरोन थाना क्षेत्र के ग्राम मंगोला के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से उमा शंकर उर्फ कालू पटेल निवासी हिन्नाई उमरी, ग्राम इमलाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मगरोन थाने को दी गई जहां डायल 112 टीम मौके पर पहुंचकर एएसआई शिवकुमार और पायलट माखन रजक ने तत्परता दिखाते हुए घायल उमाशंकर को तत्काल हटा सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए, जिला अस्पताल रिफर कराया गया।

### टाईम्स कालेज में हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें छात्र/छात्राओं को वर्तमान में प्रचलित साईबर अपराध एवं नशा मुक्ति के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री जितेन्द्र नारायण सिहं जी चतुर्थ जिला न्यायाधीश दमोह ने छात्रो से आर्टीफीशियल इंन्टेलीजेन्स का उपयोग कर लोगो के साथ होने वाली धोखाधड़ी एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधो के संबंध में जानकारी दी और बताया की किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे। रजनीश चौरसिया द्वारा छात्रो को नशे से होने वाले दुष्परिणामो को बताते हुए नशे से दूर रहने की बात कही। संस्था की प्राचार्या डा. मनजीत कौर साहनी ने छात्रो को महाविद्यालय में संचालित एन्टी रैगिंग सेल के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# महिला ने दिया तीन नवजात शिशुओं को जन्म

### एसएनसीयू में विशेषज्ञ कर रहे विशेष देखभाल, महिला पूरी तरह स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत हर्रई तेजगढ़ से एक अनोखा मामला सामने आया है जहां एक गर्भवती महिला द्वारा एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है दरअसल दमोह जिला अस्पताल में मंगलवार सुबह एक गर्भवती महिला ने तीन प्रीमेच्योर नवजात शिशुओं को जन्म दिया है, जिसमें दो बेटी और एक बेटा शामिल है तीनों का वजन करीब डेढ़ किलो है। इसलिए तीनों शिशुओं को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में रखा गया है। जहां एक्सपर्ट उनकी निगरानी कर रहे हैं। इन तीन शिशुओं में से दो को ऑक्सीजन लगाई गई है और एक शिशु सामान्य है। एक साथ तीन बच्चों के जन्म के बाद परिवार के लोग काफी खुश हैं क्योंकि बेटे का जन्म भी हुआ है।

जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले हर्रई तेजगढ़ निवासी गर्भवती महिला रेवती विश्वकर्मा 27 वर्ष को मंगलवार सुबह चार बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई।



परिजन उसे तेजगढ़ उपस्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां सुबह 8.30 बजे रेवती ने सामान्य प्रसव से तीनों बच्चों को जन्म दिया। जन्मे नवजात में दो बेटी और एक बेटा है। रेवती की पहले से दो बेटियां है, जिसमें चार साल की मानवी और दो साल की मुस्कान है। जिला अस्पताल में मौजूद महिला के चाचा ससुर धन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें पहले से पता था कि उनकी बहू के यहां तीन बच्चों का जन्म होना है। सोनोग्राफी में यह बात स्पष्ट हो चुकी थी, इसलिए वह समय से उन्हें अस्पताल लेकर आए और डॉक्टर ने अपनी देखरेख में सुरक्षित तरीके से प्रसव करा दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर जलज बजाज ने बताया कि महिला और शिशु सुरक्षित हैं, लेकिन तीनों शिशु प्रीमेच्योर है। करीब 8 महीने में तीनों शिशुओं का जन्म हुआ है। इसलिए उनका वजन करीब डेढ़ - डेढ़ किलो के लगभग। उन्हें अभी निगरानी में रखा गया है। दो बच्चों को ऑक्सीजन दी गई है। यदि वह दो-तीन दिन में ठीक से फीडिंग करते हैं, किसी तरह का इन्फेक्शन नहीं होता है तो फिर वह बहुत जल्द अपने घर जा सकेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

पुलिस सीमा तेंदूखेड़ा के अन्तर्गत झलौन से तारादेही सड़क मार्ग पर झलौन बस स्टैंड चौराहा से करीब 2 किलोमीटर आगे सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्हे भाई पिता दशरथ आदिवासी परायहार निवासी जो ग्राम सेहरी उम्र लगभग 55 वर्ष पैदल जा रहा था तभी अज्ञात वाहन द्वारा उसे टक्कर मार दी गई। टक्कर के निशान के ऊपर कमर के हिस्से में स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। साथ ही सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोट पहुंच जाने से घटना-स्थल पर मुंह में से खून निकल रहा था। घटना सोमवार को लगभग6 से 7 बजे शाम की प्रतीत हो रही है। भाजपा कार्यकर्ता अशोक जैन झलौन को रात्रि के करीब 9 बजे जानकारी प्राप्त होने पर घटनास्थल पहुंचकर व्यक्ति की स्थिति को देखकर कर 112 एवं 108 नंबर पर डायल कर सूचना देकर बेटे मुकेश जैन एवं नाती ईशान जैन एवं तेजगढ़ तेंदूखेड़ा पुलिस की सहायता से करीब 10 बजे रात 108 एंबुलेंस में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया। जहां रात्रि करीब 1 बजे मृत्यु हो जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष अशोक जैन एवं भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश जैन द्वारा मृतक नन्हे भाई को जीवित अवस्था में 108 की मदद से तेंदूखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

### जनसुनवाई में 191 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 191 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 07 आधार कार्ड सेवा, 03 आयुष्मान कार्ड, 02 लीड बैंक, 16 महिला एवं बाल विकास एवं 102 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 31 निराकृत एवं 01 आवेदन लंबित है। इसमें नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

आक्रोशित किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# समर्थन मूल्य पर मक्का एवं धान खरीदी शुरू न होने से किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नवंबर माह व्यतीत होने पर है परंतु आज दिनांक तक शासन स्तर पर मक्का एवं धान की खरीदी शुरू न होने के कारण जबेरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है वर्तमान में रवि की बोनी चल रही है। लगभग डेढ़ माह पूर्व मक्का एवं धान की फसल कट चुकी है शासन के द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य 2450 रुपए एवं धान का 2369 रुपए घोषित किया गया है। परंतु दो माह होने को है आज दिनांक तक शासकीय खरीद न होने पर किसान 13 00से 1500 रुपए में मक्का तथा 1600से 1800 सो रुपए में व्यापारियों को फसल बेचने पर मजबूर है। इस तरह से किसानों को मक्का एवं धान में लगभग 500 से 800 प्रति कुंटल



का घाटा हो रहा है। आज किसानों को बोनी के लिए खाद एवं बीज हेतु पैसों की अत्यंत आवश्यकता है किसानों की इसी जरूरत को देखते हुए इस क्षेत्र का व्यापारी किसानों को अच्छे तरीके से चूना लगाने का कार्य कर रहे है। इस कारण से क्षेत्र के किसानों ने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि यथाशीघ्र किसानों की फसल की खरीदी प्रारंभ की जाए। एक तरफ यह सरकार किसान की हितैषी होने का झूठा प्रचार करती है तथा पीएम स्वयं किसानों की आय दोगुनी करने का आलाप करते हैं जबकि वास्तविकता में किसानों की आय को इस सरकार ने आधे से भी काम कर दिया है किसान कितनी मेहनत से धूप बरसात एवं ठंड की परवाह न करते हुए पूरे मनोबेग से फसल तैयार करता है परंतु शासन के द्वारा किसान की परवाह न करते हुए उसे खाद की एक-एक बोरी के लिए दो दो दिन तक भूखा प्यास रहकर के लाइन में खड़ा रहना पड़ता है किसानोंइन्हीं सभी समस्यांओं को लेकरके भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर एवं किसान मोर्चा के अध्यक्ष भुजबलसिंह के नेतत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सोपा है तथा आरोप लगाया है कि यह सरकार किसान हितैषी नहीं बल्कि किसान विरोधी है तथा इस सरकार ने ही व्यापारियों को लूट की खुली छूट दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसानों की उपस्थिति रही।

### श्री राम महायज्ञ का भव्य आयोजन 22 से

**दमोह।** दिनांक 22 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक विश्वकल्याणार्थ श्री राम महायज्ञ का भव्य आयोजन लोकेश्वरनाथ तहसील जवा जिला रीवा में प्रारंभ होगा। यज्ञ का केवल धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक महत्व भी है।



मंत्र ध्वनि हवन सामग्री हवन समिधा सबका अपना अपना एक अलग महत्व है। यज्ञ सनातन धर्म की सबसे प्राचीन परंपरा है। लेकिन आज कलयुग के प्रभाव से यज्ञ लुप्त होते जा रहे है। इतिहास साक्षी है असुरों ने सबसे पहले यज्ञ बंद कराए ताकि आसुरी शक्तियाँ बलवान हो सके। इसलिए हम सबको मिलकर यज्ञ करते रहना चाहिए। यह यज्ञ श्रीमज्जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध पीठ रनेह मध्यप्रदेश बालों के पावन सानिध्य में होगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

# शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता शुरू



**दमोह।** हॉकी दमोह के तत्वाधान में सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी टरफ मैदान पर हुआ। मंगलवार को मैच शा हाईस्कूल हिडोरिया एवं रामकुमार शाला के मध्य हुआ जिसमें हिडोरिया हाईस्कूल ने रामकुमार शाला को संघर्ष पूर्ण मैच मै एक शून्य गोल से पराजित किया। मैच के निर्णायक राजेश सालोमन शेख असरार इमरान रहे। खिलाडियो से परिचय भगवान सिंह अतुल मुकेश बिहारी सिंह अल्ताफ खान शैलेन्द्र से कराया गया। कल हाईस्कूल हिडोरिया एवम नवजागृति शाला के बीच तीन बजे से होगा। इस अवसर पर विजय ठाकुर तरूण नामदेव किशन सिंह संयोजक विकास जैन ललित नायक आदि उपस्थित रहे।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल आंदोलन करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र भोपाल जिला शाखा दमोह की जिला स्तरीय बैठक 17 नवंबर सोमवार को संगठन के कार्यालय पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर नेहरू पार्क के सामने आयोजित की गई। इस बैठक में श्रीमान एनबी राजपूत प्रांतीय प्रवक्ता एवं अध्यक्ष सागर संभाग विशिष्ट अतिथि श्रीमान कालूराम कोष्ठी सागर की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश चौबे, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष दमोह द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंब लंबित समस्तयाओ का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर असंतोष व्याप्त है। इसी लिये संगठन को मजबूर होकर प्रांतीय आंदोलन करना पड़ रहा है। विशिष्ट अतिथि ने पेंशनरो को अपनी एकता का परिचय देते हुए यह आंदोलन को सफल बनाने का प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम के अध्यक्षीय श्री जगदीश चौबे ने संबोधन में कहा कि मप्र शासन पेंशनर्स की समस्याओं एवं विगत माह सौंपे गये 9 सूत्रीय मांगो के ज्ञापन पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। अतः अब आंदोलन करना ही एक मात्र रास्ता बचता है। इसीलिये इस प्रांतीय आंदोलन को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सफल बनायें। इस बैठक में जिले की सभी तहसीलो के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

# हटा नगर में कुर्मी क्षत्रिय समाज का बनेगा भवन

### समाज की बैठक में प्रस्ताव हुआ पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के अंधियारा बगीचा स्थित मां जानकी भवन में कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल बड्डा के नेतृत्व में आयोजित हुई जिसमें तहसील स्तर पर हटा में समाज का भव्य भवन निर्माण किए, जाने हेतु सभी ने अपने-अपने विचार रखे इसके उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। इसके अलावा समाज में जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। बैठक में बहादुर बड्डे, राधिका पटेल,गंगाराम पटेल,कमल पटेल, दीपनारायण, जगदीश पटेल, छत्रसाल पटेल,राजू लंबरदार, खिलान सिंह, राजकिशोर लहरिया,कृष्ण कुमार पटेल, श्यामसुंदर पटेल, नरेंद्र चौकरया, लीलाधर पटेल, डी पी पटेल, राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, देवेंद्र पटेल, सुरेश पटेल, दुष्यंत पटेल, बलराम पटेल,रामविशाल खिरा, पृथ्वीराज पटेल लाखन सिंह,शैलेश पटेल, उत्तम पटेल,नंदराम पटेल, कुंजबिहारी पटेल, संतोष पटेल,अजय पटेल महेश पटेल सहित समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही।

# चिंता करो तो चिता मिलेगी और चिंतन करोगे तो भगवान मिलेंगे : पं विपिन बिहारी दास

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम गुहची, क्षलौन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय माहौल और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास विपिन बिहारी दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य को जीवन में हर परिस्थिति में भगवान का नाम स्मरण करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग का महत्व तब समझ में आता है, जब व्यक्ति स्वयं उसके प्रभाव को महसूस करता है। सत्संग से ही ज्ञात होता है कि वास्तविक दुनियादारी क्या है और मनुष्य का जीवन किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिंता करने से समस्या हल नहीं होती, बल्कि चिंतन करने से राह मिलती है। यदि मनुष्य निरंतर चिंता में डूबा रहता है तो उसे कुछ भी प्राप्त नहीं होता, वहीं सकारात्मक चिंतन और ईश्वर का ध्यान व्यक्ति को सही मार्ग की ओर ले जाता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि हमारे साथ कुछ भी जाने वाला नहीं है, इसलिए व्यर्थ की चिंता में जीवन खराब न करें। इस दुनिया में आदमी से नफरत मत करो उसके कर्म से नफरत करो गलत का विरोध करो छोटी को गले लगाने से मत डरो कथा के दौरान उन्होंने मानव जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सूत्रों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य को अपने आचरण, विचार और कर्मों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इन्हीं के आधार पर जीवन की दिशा तय होती है। उन्होंने कहा कि झूठ और भ्रम में पड़कर मानव अपने उद्देश्य से भटक जाता है, इसलिए सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलना ही सच्ची साधना है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति की चार पहचान होती है गाय की सेवा, एकादशी व्रत का पालन ,तुलसी वृंदा महारानी के प्रति श्रद्धा और भगवान के नाम का जप करना विपिन बिहारी दास ने सुखदेवजी और राजा परीक्षित की कथा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने मृत्यु के सात दिनों पूर्व अपने जीवन का सार समझने के लिए जिस भक्ति मार्ग का चयन किया, वही मार्ग आज भी मानव जीवन का सही पथ है। कथा में अवतार और जन्म के रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर हर युग में लोककल्याण हेतु अवतरित होते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में आदमी बलवान नहीं होता, बलवान तो समय होता है। इसलिए मनुष्य को समय का सदुपयोग करते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए।आज आदमी सब कुछ बनने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आदमी नहीं बन पा रहा है।" उन्होंने समझाया कि आधुनिक जीवन में मनुष्य भौतिक उपलब्धियों, दिखावे और मान-सम्मान के पीछे दौड़ रहा है, परंतु मानवीय संवेदनाएँ, सरलता, करुणा और सच्चाई से दूर होता जा रहा है। कथा के दौरान गाँव का वातावरण भक्ति, भजन और आध्यात्मिक संदेशों से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया और अंत में सबके कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की गई।यह अध्यात्ममय आयोजन आने वाले दिनों में भी इसी उत्साह के साथ जारी रहेगा।

# सहकारिता ही सेवा का माध्यम



**जबेरा।** 72 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, जबेरा में सहकारी उद्यमिता के माध्यम से युवाओं ,महिलाओं और कमजोर क्षेत्रों (हस्तशिल्प, हथकरघा, श्रम मत्स्य पालन आदि) को सशक्त बनाना विषय पर रूपेश सेन (सांसद प्रतिनिधि) के मुख्य आतिथ्य, कृष्णकांत दुबे (मंडल अध्यक्ष) की अध्यक्षता व नीरज जायसवाल ( भाजपा मंडल महामंत्री), रवि शंकर वाजपेई व शिवलाल धुर्वे (सरपंच जबेरा) के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने किया । आभार शाखा प्रबंधक आरिफ खान ने माना। स्वागत नितिन कुर्मी (समिति प्रबंधक) रामकुमार विश्वकर्मा (विक्रेता) व दीपांश सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में रवि शंकर बाजपेई ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि रूपेश सेन ने कहा की समिति के सभी सदस्य प्रतिवर्ष माह मई -जून में ही समिति से उर्वरक उठा लें, जिससे कि बोनी के समय खाद की कमी से न जूझना पड़े। मध्य प्रदेश शासन द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसान भाइयों को ऋण दिया जा रहा है अतः सभी किसान भाई समिति की सदस्यता लेकर इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में मक्खन यादव , अशोक रैकवार, यशवंत राय सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्यों व किसानों की उपस्थिति रही।

# अब घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाण पत्र

**दमोह।** भारतीय डाक विभाग ने पेंशनधारकों की सुविधा के लिए एक सराहनीय पहल की है। अब पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण पत्र (Jeevan Pramaan Patra) बनवाने के लिए न तो बैंक जाना पड़ेगा और न ही डाकघर। डाक विभाग ने “Door Step Service” शुरू की है, जिसके तहत पोस्टमैन आपके घर आकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेगा। इस सेवा के लिए केवल 70 का मामूली शुल्क निर्धारित किया गया है। डाक विभाग की इस व्यवस्था से वरिष्ठ नागरिकों को अत्यधिक राहत मिलेगी, क्योंकि वे अपने घर के सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में ही प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। तैयार होने के बाद डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सीधे ऑनलाइन माध्यम से संबंधित पेंशन प्रदाता संस्थान तक पहुँच जाता है, जिससे अलग से जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती। इस सेवा के अंतर्गत 81 वर्षीय कुलदीप कुमार चौबे, जो एमपीआरडीसी से सेवानिवृत्त हैं, का जीवन प्रमाण पत्र ब्रांच पोस्ट मास्टर ब्रजेश पटेल द्वारा उनके निवास पर जाकर बनाया गया। श्री चौबे ने इस पहल की सराहना करते हुए डाक विभाग को आशीर्वाद दिया।

### नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई

**दमोह।** भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबीए के पांच वर्ष पूर्ण होने पर वृहद नशामुक्ति जन जागरुकता कार्यक्रम पूरे भारत में आयोजित किए जा रहे है जिसकी कड़ी में सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग दमोह के मार्गदर्शन में उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला इलाई में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य सुदामा पाठक ने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उन्मुक्त संस्था के माध्यम से जो ये आयोजन कराए जा रहे हैं बहुत सराहनीय हैं एवं छात्र-छात्राओं को नशा से दूरी बनाकर रखना चाहिए वह हमारे विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने वर्चुअल के माध्यम से शपथ ग्रहण की। जिसमे अर्चना राय प्राचार्य, सुदामा पाठक, मनीष शर्मा, हेमलता यादव, संजय दुबे, विधि राय, अतुल प्यासी, आरती सेन, जी.पी.अहिवार, प्रीती सोनी, अनुज रतले, अभिलाषा-प्रसाद, चन्द्र कुमार असाटी, वीनम तिवारी, भरत सेन, रेनू खरे, उमा गुप्ता, कामनी नेमा, मेघा चौबे, अनीता जैन, ममता खरे व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नाली का स्लैब गिरने से बाईक सवार नाले में गिरा



**दमोह।** शहर के सेंट्रल स्कूल के सामने एक बार फिर नाले का स्लैब गिरने का घटनाक्रम घटित हुआ, जिसमें एक वृद्ध घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सेंट्रल स्कूल के सामने बनी नाली पर एक वृद्ध ने मोटरसाइकिल पार्क की परंतु अचानक से नाली का स्लैब गिर गया। जिससे वृद्ध भी नाली में जा गिरा। राहगीरों द्वारा वृद्ध को नाली से निकाला गया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यहां पर पहले भी एक बार इस प्रकार की घटना घटित हो चुकी है, समीप ही सेंट्रल स्कूल स्थित है जहां के बच्चे भी कई बार यहां से गुजरते है अगर उक्त नालियों को दुरुस्त नहीं कराया गया तो बड़ी घटना घट सकती है।

# महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर हिन्दी लेखिका संघ ने किया आयोजन

**दमोह।** शहर के सरस्वती उ.मा.विद्यालय सभागार मे मध्य प्रदेश हिन्दी लेखिका संघ के तत्वावधान मे वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य मे सारगर्भित वक्तव्य एवं कविता पाठ गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्ष पुष्पा चिले, मुख्य अतिथि आराधना राय ,विशिष्ट अतिथि संगीता पांडेय, मां सरस्वती



पूजन अर्चन उपरांत लेखिका संघ की अध्यक्ष पुष्पा चिले ने वीरांगना लक्ष्मीबाई की वीरगाथा पर कथन प्रस्तुत किया और पढा दुश्मनों को आंधी और तूफान थी रानी लक्ष्मीबाई। मुख्य अतिथि आराधना ने कहा महारानी लक्ष्मीबाई के साहस और दृढ़ संकल्प की दम से दुशमनो के छक्के छूटे थे । विशिष्ट अतिथि संगीता ने कहा नारी समाज की शक्ति है रानी लक्ष्मीबाई । डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा बुंदेलखण्ड की शान थी रानी झांसी की. देवी दुर्गा का अवतार थी रानी झांसी की। पदमा तिवारी ने कहा रानी लक्ष्मीबाई ने फैलाई चिंगारी आजादी की ,वसुंधरा ने पढ़ा वीरांगना धीर वीर गंभीर रानी झांसी की ,उमा नामदेव ने पढा तेरी गौरव गाथा याद करेगा हिन्दुस्तान । मधुलता ने कहा वीरता के शौर्य की अद्भुत मिशाल थी रानी वीरांगना । डॉ. रेवा ने पढ़ा थी बहादुर झांसी की रानी मंदाकिनी बेन ने पढ़ा ,वीरांगना की शक्ति भक्ति पर देश निछावर है । अर्चना राय ने कहा,रानी लक्ष्मीबाई का नाम जन्म जन्मो तक लिया जाएगा । कुसुम खरे श्रुति ने पढ़ा, जग मे अमर होने वाली रानी लक्ष्मीबाई को शत शत नमन । संचालन डॉ प्रेमलता नीलम ने किया आभार मंदाकिनी ने माना।